**प्रेस नोट**

**दिनांक 23.09.2025**

**शारदीय नवरात्रि पर्व एवं मिशन शक्ति – 5.0 अभियान के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा, राजेश एस. द्वारा मौदहा क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।**

आज दिनांक 23.09.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूट धाम परिक्षेत्र, बांदा, राजेश एस. एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कस्बा मौदहा में विभिन्न नवदुर्गा पंडालों का भ्रमण कर आमजन से संवाद किया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा उपायों की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन नंबर – 1090, 112, 181,1930 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी समस्या अथवा आपात स्थिति में तत्काल पुलिस या महिला हेल्पलाइन से संपर्क करें। सार्वजनिक संवाद के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय ने कहा कि –"महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान, उत्तर प्रदेश पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य प्रत्येक महिला और बालिका को सुरक्षित एवं सशक्त बनाना है। अतः समाज के प्रत्येक नागरिक को इस अभियान से जुड़कर महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को और सशक्त बनाना चाहिए।"

इसके उपरांत कस्बा मौदहा क्षेत्र में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसी क्रम में महोदय द्वारा थाना मौदहा में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना मौदहा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।





